तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



14 समय से पहले जंच रही बोर्ड की कापियां



15 रामनवमी की पूर्व संध्या पर निकली बाइक रैली




मो. 87700-12645, 94076-26176 | आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान | नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. | फ्रिज | वाशिंग मशीन | कूलर | पंखा | दीवान (पलंग) | अलमारी | ड्रेसिंग | डायनिंग टेबल | सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं | सभी सामान एक छत के नीचे | दाम भी बजट के अनुरूप | घर पहुंच सेवा
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
T&C*


## नवरात्रि विशेष



### नवमी : सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## वैदिक एवं रूढ़ी परम्परागत विधि से हुई महाअष्टमी की पूजा

# मां अंगारमोती के दरबार में गूंजा स्वाहा-स्वाहा का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शनिवार को आदिशक्ति मां अंगारमोती गंगरेल में महाअष्टमी की पूजा विधि-विधानपूर्वक हुई। देवी के पुजारी, सिरहा बैगाओं ने परम्परागत रूप से माता की पूजा की, वहीं वैदिक विधि से पंडित ने हवन अनुष्ठान कराया। महाअष्टमी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

- विशाल भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसादी

अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां अंगारमोती आस्था का केंद्र है। यहां हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने 3400 से अधिक ज्योति प्रज्वलित कराई है। शनिवार शाम 4 बजे देवी के पुजारी, सिरहा बैगाओं ने परम्परागत पूजा की। पान पत्तों में चावल रखकर 9 नींबू रखा। इसके बाद फूल, गुलाल, बंदन, माला, दीपक आदि से पूजा-अर्चना की। इस दौरान पारम्परिक देव बाजे की धुन में सिरहाओं पर देव विराजमान हुए। माता के डांग देव विग्रह को लेकर सिरहा बैगा झूमते नाचते मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं की पूजा की, फिर माता से अर्जी-विनती कर सभी श्रद्धालुओं ने कष्टों को दूर करने का आशीर्वाद मांगा। इधर वैदिक परम्परा के तहत 9 देवियों के नाम से 9 हवन कुंड बनाए गए थे। पंडित ने गणेश जी की प्रथम पूजा की। विधिपूर्वक पूजन के बाद हवन कुंड में आग प्रज्वलित की गई। इस दौरान माता का दरबार स्वाहा-स्वाहा के मंत्र से गुंजायमान हो गया। हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया।





महाअष्टमी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक ओंकार साहू, जीवराखन मरई, माधवसिंह ठाकुर, उदय नेताम, शिवचरण नेताम, डॉ एआर ठाकुर, ढालूराम ध्रुव, शिव नेताम, गणेश्वर ध्रुव, ओंकार नेताम, सुदर्शन ठाकुर, ललित ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, शिव कुंजाम, हुलार कोर्राम, तुकाराम मरकाम, सूदेसिंह मरकाम, सीताराम ध्रुव, राधेश्याम नेताम, रिखीराम मरकाम, नकुल नेताम, चंद्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, नीलिमा नेताम, नंदा ध्रुव, गीता नेताम, राजेन्द्र पडोटी, वेदप्रकाश ध्रुव, तिजेन्द्र कुंजाम, हेमन्त ध्रुव, बंटी मरकाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, युवराज मरकाम सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर भक्तों ने डाली आहुति





- मां विंध्यवासिनी, दंतेश्वरी मंदिर में पारम्परिक हवन-पूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर शनिवार को सभी देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त पर शाम को हवन पूजन हुआ। भक्तों ने मनोकामना के लिए हवन कुंड में आहुति डाली। नौ कन्या भोज का आयोजन हुआ। शहर के मां विंध्यवासिनी मंदिर में शुभ मुहूर्त पर शनिवार को शाम 5.30 बजे हवन कार्यक्रम हुआ। हवन पंडित निशांत शर्मा ने संपन्न कराया। यजमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार एवं मंदिर परिवार की ओर से सतीश पवार ने आहुति डाली। मंदिर परिसर में हवन कुंड की व्यवस्था थी। सैकड़ों भक्तों ने हवन कुंड में आहुति दी। हवन कार्यक्रम 7.30 बजे तक चला। इसके बाद नौकन्या भोज कराया गया। इसी तरह शहर के मां दंतेश्वरी मंदिर में 5.30 बजे हवन कार्यक्रम हुआ। हवन पुरोहित पं. रघुवीर प्रसाद पांडे ने करवाया। अजय, विजय, संजय पांडे ने भक्तों को आहुति डलवाई। हवन पश्चात नौकन्या भोज व प्रसाद का वितरण हुआ। इसी तरह महिमासागर वार्ड स्थित मां शीतला मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर सदर बाजार, रिसाईपारा स्थित गायत्री मंदिर, रिसाईमाता मंदिर, रायपुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, रत्नाबांधा रोड स्थित रत्नेश्वरी मंदिर में अष्टमी पर हवन हुआ। अष्टमी पर भक्तों ने आम भंडारा का आयोजन किया। मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


# ट्रक के पीछे जा घुसी बाइक, चालक की मौत

## अस्पताल में भर्ती पिता के लिए खाना छोड़ने जा रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम कठौली के हाईस्कूल के पास बाइक सवार ट्रक के पीछे घुस गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बिरेझर पुलिस सोहन ध्रुव हेडकांस्टेबल से मिली जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल शुक्रवार को रात लगभग 9 बजे नयापारा राजिम की ओर से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एल एम 0280 के पीछे बाइक क्रमांक सीजी 04 एच एस 4603 घुस गई। इस घटना में बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम मौरीकला निवासी बाइक सवार मलेश साहू पिता सरोज कुमार साहू उम्र 36 वर्ष अपने पिता के लिए खाना छोड़ने नयापारा स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल जा रहा था। उनके पिता सरोज साहू हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अचानक गाय के सामने आ जाने से बाइक सवार मलेश नियंत्रण खो बैठा और तेज गति होने से सीधे ट्रक में जा घुसा। पहियों के नीचे आ जाने से उसका सिर कुचल गया और मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिरेझर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिरेझर पुलिस ने शव का पंचनामा किया और शव को एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। 5 अप्रैल को पीएम के बाद परिजनों को मृतक का शव सौंप दिया गया। उक्त मामले की जांच जारी है।




चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## खबर संक्षेप

### 9 को राजा बाबा व 11 को अंगारमोती का जातरा

**धमतरी।** ग्राम सिवनी में 9 अप्रैल को राजा बाबा व 11 अप्रैल को मां अंगारमोती का जातरा रखा गया है। रात्रि में राधा कृष्ण लोककला मंच दुर्रे बंजारी छुरिया जिला राजनांदगांव महाराष्ट्र सीमा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच धनेश्वरी साहू, कुंवर सिंह, तुलसी, भोज पटेल, सुभाष सोनवानी, पवन बैगा, भोला बैगा, विश्राम तारक जुटे हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एस. आर. नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव 10 से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया गया है। 10 अप्रैल को नारी के पं. दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात अखंड रामायण पाठ होगा। 11 अप्रैल को गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित होंगे। अध्यक्षता केशरी ओमप्रकाश ध्रुव करेंगे। हवन पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार, पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी टेमन साहू ने दी है।




online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार - 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार - 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार - 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार - 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार - 1100
नियम व शर्ते लागू*
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप




### आमगांव के दो बच्चों का नवोदय में चयन

**नगरी।** प्राथमिक शाला गायतापारा आमगांव की छात्रा मेघा भास्कर का चयन नवोदय व एकलव्य के लिए हुआ है। दिव्यांशु गंजीर पिता ज्ञानचंद गंजीर का भी चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। ये दोनों छात्र शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहे। इनके मार्गदर्शक भारतलाल मालिया एवं सुजीत देवांगन शिक्षक रहे। दोनों की सफलता पर सरपंच कमितला ध्रुव, उषा भास्कर, मनीष भास्कर, डोमार भास्कर, जयंती भास्कर, कुंदन भास्कर, मानकी बाई भास्कर, गोपेन्द्र राठौर, हरीश सिन्हा, धर्मेंद्र, लीसा, बबलू निषाद समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### महामंत्री ने नई आबकारी नीति का किया विरोध

**अंवरी।** कांग्रेस शासनकाल में भाजपा के नेता प्रदेश में शराब बंदी का ढिंढोरा पीटा करते थे और जबकि राज्य में भाजपा सरकार



शराब की दुकानों को और बढ़ाने में कामयाब होती जा रही है। उक्त बातें ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू ने 1 अप्रैल से लागू हुई नई आबकारी नीति के विरोध में कही। श्री साहू ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार अब गांव गांव में दारू की दुकान खुलवाने में उतारू है। पूरे प्रदेश में नई आबकारी नीति 1 अप्रैल से लागू हुई है। इसके तहत समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश में 67 नई दारू भट्ठी खोली गई। प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर विष्णुदेव सरकार सुशासन का दावा करती है वहीं दूसरी ओर समाज में अशांति और अराजकता फैला रही है।

### 67 नई शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव रद्द करें : भूपेश

**मगरलोड।** प्रदेश में अप्रैल माह से 67 नई शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव भाजपा सरकार ने जारी किया है। नगर पंचायत के पूर्व



उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा ने नई शराब दुकान खोलने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार शराबबंदी का ढिंढोरा पीटा करती थे और अब राज्य में नई शराब दुकानों को बढ़ाया जा रहा है। श्री सिन्हा ने अप्रैल माह में लागू होने जा रही आबकारी नीति का विरोध किया है। आगे कहा कि राज्य सरकार शराब दुकानों की संख्या बढ़ाकर समाज को और अधिक नशे की ओर धकेलने जा रही है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा के नेता शराबबंदी की मांग करते थे, धरना देते थे। जब उनकी सरकार है तो शराबबंदी को कम करने की बजाय और बढ़ा रही है। श्री सिन्हा ने शराब दुकान के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है।

### साइकल से गए थे मां दंतेश्वरी का दर्शन करने, लौटने पर हुआ स्वागत

**नगरी।** ग्राम भीतररास से संदीप शांडिल्य नवरात्र के प्रथम दिन साइकल से माता दंतेश्वरी दंतेवाड़ा के दर्शन के लिए गए थे। गुरूवार की शाम 5 बजे उनके वापस लौटने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर सरपंच रेमंत शांडिल्य, उपसरपंच सुनील यादव, विनोद सेन, रमेश बोरझरिया, धर्मेंद्र रात्रे, सूरज यादव समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

रामनवमी : प्राचीन श्रीराम मंदिर में सूर्य तिलक का होगा लाइव प्रसारण

# आज कुरूद में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

कुरूद नगर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में आज रामनवमी के अवसर पर श्रीराम जन्म उत्सव मनाया जावेगा। विशेष पूजा अर्चना, रामायण पाठ के साथ श्री रामलला की महाआरती होगी। वहीं अयोध्या में होने वाले भगवान राम के सूर्य तिलक का मंदिर परिसर में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। शाम को आजाद हिंदू मंच द्वारा श्री रामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

प्राचीन श्रीराम मंदिर के महंत अखिलेश वैष्णव ने बताया कि राम नवमीं के दिन सुबह 9 बजे से संगीत में रामायण पाठ किया जाएगा। 12 बजे श्री रामलला की भव्य महाआरती के साथ राम जन्मोत्सव धूमधाम मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामनवमी सिर्फ जन्मोत्सव नहीं है,




बल्कि मर्यादा, संयम और धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा है। इस साल राम नवमी पर 3 दुर्लभ योग बन रहे हैं, जिन्हें शास्त्रों में बेहद शुभ और फलदायी माना गया है। इस साल बन रहे शुभ योग हमें इशारा कर रहे हैं कि जो भी शुभ कार्य शुरू करना हो, यह उसका सबसे सही समय है चाहे नई नौकरी हो, बिजनेस, पढ़ाई में संकल्प, शादी की बात, या आध्यात्मिक साधना। यह दिन हर शुरुआत के लिए उत्तम मुहूर्त लेकर आया है।

### इस साल मिलेगा रवि पुष्य, स्वार्थ सिद्धि व सुकर्मा योग का फल

विदित हो कि 270 वर्ष प्राचीन इस मंदिर में सदियों से श्रीराम जन्म उत्सव मनाए जाने का इतिहास रहा है। प्राचीन श्रीराम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं श्री रामलला की महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। साथ ही सांध्यकालीन राम भजन एवं संकीर्तन होगा। आजाद हिन्दू युवा मंच द्वारा शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। पंडित कमलेश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुबह 6:18 बजे से रवि पुष्य योग है। शास्त्रों के अनुसार यह खरीदारी, नया व्यापार शुरू करने और मंत्र सिद्धि के लिए सर्वोत्तम होता है। स्वार्थ सिद्धि योग के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी शुभ कार्य इस दिन किया जाए, वह सफल और फलदायी होता है। वहीं इस दिन सुकर्मा योग भी बन रहा है। यह योग कर्म और परिणाम को जोड़ता है। यानी मेहनत करने वाले को उसका फल जरूर मिलता है। इस दिन पढ़ाई, नौकरी, धन निवेश या संकल्प लेना विशेष फल देता है।

# ओवरलोड वाहनों से बोराई मार्ग जर्जर

- बोराई संघर्ष समिति ने रोक लगाने एसडीएम को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

जिले के अंतिम छोर मे बसे आदिवासी अंचल के ग्रामीण आज भी आदिकाल की जिन्दगी जीने में मजबूर है। यहां के ग्रामीण सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां के बच्चे आज भी लो वोल्टेज के कारण चिमनी के प्रकाश से पढ़ाई करने मजबूर हैं।

ज्ञात हो कि नगरी ब्लाक अंतर्गत उड़ीसा सीमा पर ग्राम पंचायत बोरई, लिखमा, घुटकेल एवं मैनपुर बसे हैं। यहां के ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर विगत कई वर्षों तक संघर्ष समिति के बैनरतले शासन प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं लेकिन आज तक इनकी समस्याओं को समाधान करने का प्रयास नहीं किया गया, सिर्फ आश्वासन देकर समय व्यतीत किया जा रहा है। अब ग्रामीण अपनी समस्याओं और मांगो को लेकर सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ने की





तैयारी कर रहे हैं, जिसकी रणनीति के लिए इस क्षेत्र में आने वाले चारों ग्राम पंचायत के ग्रामीण बैठक कर प्रस्ताव पारित किए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत चलने वाली ओवरलोड गाड़ियों से बोराई मार्ग काफी जर्जर हो गया है। रोज लोग हादसे के शिकार हो रहे हैं। विभाग द्वारा गड्ढों की मरम्मत नहीं की जा रही है। बोराई संघर्ष समिति ने ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने व सड़क मरम्मत कराने की मांग एसडीएम को ज्ञापन देकर की है।

ग्रामीणों ने आगे कहा कि प्रशासन द्वारा वाहनों पर रोक नहीं लगाने पर संघर्ष समिति चक्काजाम करेगी।



महाष्टमी पर मां शीतला मंदिर में हुआ हवन-पूजन

# जससेवा गीतों से महका मां शक्ति का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंवरी

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भैंसबोड़ में माता सेवा की अविरल धारा महक रही है। चारों ओर जससेवा और आदिशक्ति मां भवानी के जयकार से मन में शांति और शीतलता का वातावरण बना हुआ है। भैंसबोड़ में विराजी मां शीतला के भुवन में इस बार भी 47 मनोकामना ज्योति से लोगों ने अपनी आस्था प्रकट की है।



वहीं सुबह-शाम भक्तगण माता की एक झलक पाने पहुंच रहे हैं और पूर्ण



श्रद्धा भक्ति के साथ इस पर्व में डूबकर पुण्य के भागी बन रहे हैं।

महाष्टमी पर मां शीतला मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ । इस हवन पूजन में मां शीतला के भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मां शीतला से अपनी मनोकामना मांगी। माता शीतला मंदिर में हवन पूजन पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर माता शीतला के पुजारी, शीतला समिति के सदस्य, सेउकगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरगद के पत्ते में पक्षी की आकृति उकेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य बरगद के पत्तों में पक्षी की आकृति उकेरी है। उन्होंने चित्रित किया कि गांव के हैंडपंप में उड़ता हुआ पक्षी पानी पीने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को अपनी कलाकृति भेंट की। इस दौरान एसपी आंजनेय वाष्णेय भी कलेक्टर ऑफिस में मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने इस कलाकृति की तारीफ की। उन्होंने पक्षियों को पानी पिलाने के लिए अपने-अपने घरों में कटोरा रखने का संदेश दिया।

ज्ञात हो कि विकास शांडिल्य देश, विदेश और राज्य के सभी



महान पुरुष एवं छत्तीसगढ़ के तीज त्योहार की 200 से अधिक आकृति बना चुके हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने साहसी बालकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

जिले के होनहार बालकों आशु पिता संतोश देवांगन और मेहुल पिता मिथिलेश देवांगन ने बहादुरी की मिसाल कायम की है। इन बच्चों ने 28 मार्च को धमतरी शहर स्थित रुद्री जलाशय बांध में अपने पिता की जान बचाने के लिए गहरे पानी में छलांग लगा दी। अपनी जान की परवाह न करते हुए दोनों ने बहादुरी से अपने पिता को सुरक्षित बाहर निकाला। इन बच्चों की वीरता को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर सम्मानित किया और इस साहसिक कार्य की सराहना की। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से इन



बहादुर बालकों को वीरता पुरस्कार देने की मांग की है। श्री बैस ने कहा कि आशु और मेहुल ने जो साहस दिखाया है, वह अनुकरणीय है। उनकी बहादुरी को सम्मान मिलना चाहिए, जिससे भविष्य में अन्य बच्चे भी प्रेरित हों। मैं राष्ट्रपति से आग्रह करता हूं कि इन बच्चों को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल बरड़िया सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। सभी ने इन बच्चों के साहस को सलाम करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिर्री

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, प्राथमिक एवं हाईस्कूल के बच्चों को भैंसमुंडी में सौम्या तिवारी ने अपने पिता स्व. सुरेश कुमार तिवारी के जन्मदिवस के अवसर पर कलर किट्स, ड्रॉइंग सीट आदि का वितरण कियाताकि बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में इस किट का उपयोग चित्रकला सहित अन्य रचनात्मक कार्यों में कर सके। इस अवसर पर शिक्षकगण एव स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस पर आओ कविता लिखें समूह की मासिक गोष्ठी हुई

# पुस्तक वह खजाना है, जिसे जितना खर्च करो वह उतना ही बढ़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस पर मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि बृजेश कुमार देवांगन थे। अध्यक्षता प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े एवं आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने की सभा को संबोधित करते हुए जितेंद्र साहिर ने बताया कि 2 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस




मनाया जाता है । सन 1967 से इस परंपरा की शुरुआत हुई। पुस्तक वह खजाना है जिसे जितना खर्च करो वह उतना ही बढ़ता है। यह दिन बच्चों को पुस्तक की ओर आकर्षित करने का। पुस्तक उनकी सच्ची दोस्त है और उनके इतिहास का उन्हें ज्ञान कराती है। बृजेश कुमार देवांगन ने कहा कि आओ कविता लिखें समूह बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक मंच है। बच्चे अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज को संदेश देते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इससे बच्चों के व्यक्तित्व का विकास होता है। प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने कहा कि ग्रीष्मकालीन समय का उपयोग सृजन कार्य में कर सकारात्मक दिशा की ओर कदम रख सकते हैं। उन्होंने बालकवियों की कविताओं की सराहना की।

बालकवि डोमेश्वर यादव ने परिवार की एकता पर नई कविता प्रस्तुत की। गुंजा साहू, प्रीति साहू, वंदना सेन, मीना साहू, भारती साहू, नीलम साहू ने अपनी कविताओं से समा बांधा। मंच का संचालन बाल कवि वंदना सेन ने किया। साक्षी साहू एवं साक्षी सेन ने भी कविता पढ़ी।

# सनातन धर्म को मुगलों और अंग्रेजों से ज्यादा विदेशी चैनलों ने नुकसान पहुंचाया : झम्मन शास्त्री

- रींवागहन में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोर्रा(भखारा)

ग्राम रींवागहन में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। चतुर्थ दिवस की कथा को संबोधित करते हुए आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म को मुगलों और अंग्रेजों से ज्यादा विदेशी चैनलों ने नुकसान पहुंचाया है। आगे कहा कि अभी भी समय है। धर्म की रक्षा में आगे बढ़ो। धर्म तुम्हारी रक्षा अवश्य करेगा। जगतजननी माता भोग और




मोक्ष दोनों की दाहिनी है। द्वापर और त्रेता युग में मां दुर्गा की आराधना से ही प्रत्येक शुभ कार्य शुरू किया था। भगवान श्री राम ने तो नवरात्र का व्रत तक रखा था। सामूहिक संकीर्ण और सत्संग पर प्रकाश डालते हुए श्री शास्त्री ने कहा कि भगवान को मानने का इससे अच्छा कोई माध्यम नहीं है।

शास्त्री जी ने आगे कहा कि जो मंच पर लीला करता है उसे कष्ट भी उठाना पड़ता है। दर्शकों का क्या है । वह तो मजा लेते हैं और चलते बनते हैं क्योंकि जगत की आत्मा का नाम ही श्री राम है। भगवान श्री राम को केंद्रित कर वाल्मीकि जी ने 24000 संस्कृत के श्लोक रचे हैं। तुलसीदास ने रामायण को रामचरितमानस का रूप देकर घर-घर पहुंचाया। जिससे संसार में राम कथा, भागवत कथा की गंगा बह रही है। इसी तरह भगवन राम, कृष्ण की कृपा भी संसार को प्राप्त है।

कोर्रा में शिव महापुराण कथा का समापन, शिव भक्ति में लीन रहे क्षेत्रवासी

# हवन-पूजन से वातावरण शुद्ध होने के साथ ही आत्मिक बल मिलता है : कल्पना

- शोभायात्रा में बेल पत्र एवं रुद्राक्ष का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोर्रा(भखारा)

ग्राम कोर्रा में भखारा मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चोवाराम साहू द्वारा दादा स्व. बोधी राम साहू की स्मृति में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ। कैलाश मानसरोवर नर्मदेश्वर महादेव में रुद्राभिषेक के साथ



वैदिक रीति से हवन पूजन संपन्न हुआ। मुख्य जजमान चोव राम साहू एवं उनकी धर्मपत्नी कंचन साहू थे। यज्ञ अनुष्ठान में शामिल जजमानों ने गौ माता का पूजन कर कथा पंडाल में उपस्थित लोगों को बैतरणी स्नान कराया। शाम चार बजे बाजे-गाजे के साथ



शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने अपने अपने घरों की चौखट पर रंगोली बनाई थी। आरती की थाल सजाकर शोभायात्रा का स्वागत



किया।

इस अवसर पर भगवताचार्य पं. कल्पना पांडे ने लोगों को बेल पत्र एवं रुद्राक्ष का वितरण किया। कथावाचिका कल्पना पांडे ने कहा कि हवन पूजन करने से वातावरण शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की महिमा बताते हुए लोगों को भक्ति व सत्कर्म के मार्ग पर जुड़ने को कहा। आगे कहा कि भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं। इनका एक नाम भोला भी है। नाम के अनुरूप शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल देने वाले हैं। शिवपुराण की कथा सुनने से जीव सभी पापों से मुक्ति पा जाता है। पांच दिवसीय शिव महापुराण सुनने के लिए कोर्रा सहित क्षेत्र के सैकड़ों भक्त पहुंचे।

पिछले दस साल से कुत्तों की नसबंदी नहीं होने से बढ़ी संख्या

# लावारिस कुत्तों के आतंक से शहरवासियों में दशहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में लावारिस कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि शहरवासी दहशत में हैं। प्रतिदिन कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। झुंड बनाकर रहने वाले कुत्ते राहगीरों के साथ पशुओं पर भी हमला करने लगे हैं। पिछले 10 साल से नसबंदी नहीं होने से इनकी संख्या बढ़ गई है। इतवारी बाजार रहवासी पंकज पटेल, छबिलाल सोनकर, मनराखन सोनकर, दीपक साहू, जानकी सोनकर, यशोदा पटेल ने बताया कि सबसे ज्यादा कुत्ते इतवारी बाजार परिसर में है। इसे देखकर हर कोई डर जाता है। लोग रास्ता बदलने मजबूर हो जाते हैं। राह चलते लोगों पर एकाएक हमला कर देते हैं। इससे शहरवासियों में दहशत है।



चिकन, मटन, मछली का व्यवसाय होने के कारण पूरे शहर के लावारिस कुत्ते यहां पर इकट्ठे रहते हैं। कुत्तों के भौंकने और आपस की लड़ाई से लोग परेशान हैं। प्रतिदिन कोई न कोई इसका शिकार होता है। रामबाग, बिलाईमाता रोड निवासी गणेश कावड़े, विनय चंद्रवंशी का कहना है कि गणेश चौक से लेकर बिलाई माता मंदिर तथा शहर के विभिन्न क्षेत्र गली-मोहल्लों में लावारिस कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है। घर से निकलते ही कहां पर हमला कर दे कहा नहीं जा सकता। इन कुत्तों को न तो पकड़ा जाता है और न ही नसबंदी की जाती है।

जानकारी के मुताबिक लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इस साल नगर निगम ने कुत्तों की नसबंदी निविदा निकाली। दो बार टेंडर निकलने के बाद भी किसी संस्था ने टेंडर नहीं भरा। ऐसे में निगम प्रशासन फिर से निविदा जारी करेगा। बता दें कि शहर के सार्वजनिक स्थल सिटी कोतवाली, तहसील आफिस, इतवारी बाजार, दुर्गा चौक बनियापारा, रत्नाबांधा रोड, जिला अस्पताल होटल, ढाबा, केंटिन, बस स्टैंड आदि स्थानों में लावारिस कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है जो लोगों के लिए खतरा है। दस साल पहले नगर निगम ने मुंबई की एक संस्था को टेंडर जारी कर कुत्तों की नसबंदी कराई थी जिसके बाद से लावारिस कुत्तों की संख्या में कमी आई थी लेकिन अब दस साल में कुत्तों की संख्या दस गुना बढ़ गई है।

## कंडेल कालेज की पुष्पलता ने राज्यस्तरीय शिविर में दी सहभागिता

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा पुष्पलता साहू ने राज्यस्तरीय एनएसएस शिविर सरगुजा में भाग लिया। यह शिविर 20 मार्च से 27 मार्च तक संपन्न हुआ। पुष्पलता ने शिविर अवधि में रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन दिवस पर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता वाजपेई ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन जीने की एक कला है जिसके द्वारा हम विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यों को संपादित करते हुए सामाजिक जागरूकता लाने का प्रयास करते हैं। संस्था के प्राचार्य प्रो रविशदास ने कहा कि राज्य स्तरीय शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न प्रकार की स्किल डेवलपमेंट गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है। पुष्पलता के शिविर अनुभव का लाभ महाविद्यालय को मिलेगा। सहायक प्राध्यापक लक्ष्मी नारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान डॉ ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, सविता लहरे, मानूनारायण सारथी, दीक्षा सोम, साकेत गंगबेर, टिकेंद्र वर्मा, टकेश्वर साहू ने पुष्पलता के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## पार्टी का स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस मनाने भाजपा गंगरेल मंडल की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा गंगरेल मंडल की बैठक हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल प्रभारी चेतन हिंदुजा, कार्यक्रम के जिला सह संयोजक श्रीमती श्यामा नरेश साहू की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन ने कहा कि सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 6 अप्रैल का भाजपा का स्थापना और 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई जायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण से संगठन के कार्यों में जुटें।




मंडल टोली के रूप में संयोजक मंडल महामंत्री नरेश यादव, सहसंयोजक जनपद सदस्य श्रीमती अनीता यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा को नियुक्त किया गया। गंगरेल मंडल प्रभारी चेतन हिंदुजा ने 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर घरों में झंडा लगाने, 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर के जयंती पर सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करने की जानकारी दी। जिला सहसंयोजक श्रीमती श्यामा साहू ने गांव चलो, घर चलो कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाने एवं लाभार्थी संपर्क को विशेष महत्व देने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर भोयना के नवनिर्वाचित सरपंच पारथी राजू ध्रुव एवं बरारी सरपंच राजेंद्र ध्रुव ने भाजपाकी सदस्यता ग्रहण की। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष अनीश देवांगन, पूरन ध्रुव, गजाधर प्रसाद सिन्हा, सुलोचना देवांगन, सुशील कुमार निषाद, लीलाराम साहू, जोहन सिंह यादव, जितेंद्र देवांगन, सतीश सेन, रामनाथ ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

## कुरूद क्षेत्र में नया मिल्क चिलिंग प्लांट खुलेगा

**धमतरी।** धमतरी जिले में दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए डेयरी व्यवसाय और मिल्क रूट स्थापना के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विधानसभा में की गई घोषणा पर अमल करते हुए कुरूद क्षेत्र में जल्द ही नया मिल्क चिलिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कार्ययोजना बनाने के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने भाठागांव में पहले से ही संचालित देवभोग के दुग्ध शीत केन्द्र का अवलोकन किया और दूध के शीतलीकरण की प्रक्रिया की जानकारी मौजूद अधिकारियों से ली। उल्लेखनीय है कि कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर की मांग पर विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री साय ने कुरूद में नया मिल्क चिलिंग प्लांट खोलने की घोषणा की है। कलेक्टर ने भाठागांव के देवभोग चिलिंग प्लांट में दूध शीतलीकरण के लिए स्थापित की गई मशीनों का भी अवलोकन किया।

## सबसे सुपोषित ग्राम पंचायत को मिलेगा एक लाख रुपए का पुरस्कार

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा पूरे देश में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत देश की सबसे सुपोषित एक हजार ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही सबसे अधिक सुपोषित पंचायतों वाले पहले तीन जिलों को भी सम्मानित किया जाएगा। धमतरी जिले में इस अभियान के लिए 132 ग्राम पंचायतें पात्र हुईं हैं। धमतरी विकासखण्ड में 35, कुरूद विकासखण्ड में 25, नगरी विकासखण्ड में 57 और मगरलोड विकासखण्ड में 15 ग्राम पंचायतों को इस अभियान में शामिल किया गया है। अभियान के तहत इन पंचायतों में आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण और सत्यापन दूसरे राज्यों के निरीक्षण दलों तथा केन्द्र सरकार के निरीक्षण दल द्वारा किया जाएगा। अभियान में शामिल इन पंचायतों की समीक्षा पोषण ट्रेकर एप पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर निरंतर की जाएगी। निरीक्षण दलों द्वारा केन्द्र स्तर पर पाई गई वास्तविक स्थिति और पोषण ट्रेकर में की गई एंट्रियों के आधार पर सर्वोत्कृष्ट सुपोषित ग्राम पंचायत का चयन किया जाएगा। सर्वोत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का थर्ड पार्टी असेसमेंट भी होगा तथा लाभान्वित हितग्राहियों का फीडबैक भी लिया जाएगा। सबसे सुपोषित ग्राम पंचायतों की घोषणा आगामी सितम्बर माह में की जाएगी।

- सर्वाधिक सुपोषित पंचायतों वाले जिले भी होंगे सम्मानित
- सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान में धमतरी की 132 ग्राम पंचायतें पात्र

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि सुपोषित पंचायत अभियान के दौरान जिले की शामिल सभी 132 ग्राम पंचायतों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग और पोषण स्तर की सतत निगरानी की जाएगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निगरानी, पोषण आहार और गर्म पके भोजन के नियमित वितरण की भी मॉनिटरिंग होगी।

## पुरुष में कोटगांव व महिला वर्ग में अंबागढ़ चौकी प्रथम




**धमतरी।** मानस प्रचार प्रसार समिति, कृंपाजलि मानस परिवार, मुक्ति मानस परिवार, न्दी न्यू बाल समाज नाटय मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम रावनगुड़ा में तीन दिवसीय रामकथा महोत्सव का आयोजन किया गया था। प्रथम दिवस के अतिथि गोवर्धन साहू पटेल झुमुकलाल साहू, डा. मोतीलाल यदु, गुलाब साहू, डा गिरधारीलाल यदु, त्रिलोचन साहू सरपंच, मिथिलेश साहू, उपसरपंच चेतन साहू, नरेश यदु थे। विभिन्न क्षेत्रों से आई रामायण मंडलियों ने रामायण के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन का उद्देश्य परमार्थ होना चाहिए जिससे मानव का कल्याण हो और सबका जीवन सार्थक हो। पुरुष वर्ग में रामसिया मानस पथिक परिवार कोटगांव प्रथम, सांकेत मानस परिवार भटगुना दिवतीय, नवदुर्गा जगराता मानस ग्रुप बासीन तृतीय रहे। महिला वर्ग में प्रथम नवदीप बालिका मानस मंडली अंबागढ़ चौकी, द्वितीय गौरी महिला मानस परिवार रेंगाकठेरा गुंडरदेही तथा तृतीय ममतामयी महिला मानस मंडली भोथली डोंगरगांव रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधायक ओंकार साहू, ब्रजेश जगताप जनपद सदस्य, प्रो. मनहरण साहू, देवकुमार यदु, जागेश्वर कोसरिया, रमेश कंचन यदु थे। व्याख्या में रामचरित मानस परिवार सोरिदनगर धमतरी प्रथम तथा संगीत में स्वातः सुखाय मानस मंडली अमेरा रही। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम यदु एवं डोमार सिंह साहू ने किया। यह जानकारी शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने दी।

- रावणगुड़ा में रामकथा महोत्सव का समापन



## अंचल की खबरें

### हवन पूजन के बाद महाप्रसादी का वितरण





**अंवरी।** चैत्र नवरात्रि पर अंवरी में माता सेवा की अविरल धारा महक रही है। अंवरी में विराजीं मां शीतला के भुवन में जंवारा एवं 15 मनोकामना ज्योति जलाई गई है। सुबह-शाम भक्त माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। महाष्टमी पर मां शीतला मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस हवन पूजन में भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मां शीतला से अपनी मनोकामना मांगी। हवन पूजन के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शीतला मंदिर के पुजारी भुवन यादव, शीतला समिति के समस्त सदस्य, सेउकगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूर्व सांसद चंदूलाल का किया सम्मान



**धमतरी।** पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम का अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने उनके निज निवास राजिम पहुंचकर अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ महामंत्री विरेंद्र साहू, गरियाबंद जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, जिला प्रभारी अंजोर साहू, मोहन साहू उपस्थित थे।

### वार्ड अध्यक्ष महावीर यादव बनाए गए



**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज नगर इकाई एवं नयापारा महात्मा गांधी वार्ड की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में वार्ड पधार के गठन पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद वार्ड गठन किया गया। सभी की सहमति से वार्ड अध्यक्ष महावीर यादव, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, सचिव सुरेश यादव, महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती गणेशी बाई यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती किरण यादव, सचिव मोतिन बाई यादव चुनी गई। बैठक में नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव, उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष यशवंत यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष बंशी यादव, संरक्षक हंशु यादव उपस्थित थे।

### सर्वाइकल कैंसररोधी वैक्सीनेशन शिविर में 56 लाभान्वित



**धमतरी।** माहेश्वरी समाज द्वारा शुक्रवार को गुप्ता हास्पिटल में सर्वाइकल कैंसररोधी वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रियायत दर पर वैक्सीन उपलब्ध कराई गई। शिविर में 56 लोग लाभान्वित हुए। शिविर में प्रदेशाध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा, डा.प्रभात गुप्ता, डा. आराधना गुप्ता, डा. सतीश राठी, डा. सुमीत गुप्ता, रमेश केला, भावना राठी, किशन सारडा, अन्नू सारडा, जिलाध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी, तारा शंकर, पार्षद विभा चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्रीकांत जाजू, रीति झंवर ने बताया कि 9 से 25 वर्ष की महिलाओं व किशोरियों का पंजीयन टीकाकरण के लिए था। इस अवसर पर अजय सारडा, गोविंद गांधी, डा. दर्शना जाजू, आनंद द्वारवानी, सत्यनारायण राठी, मदन झंवर, मांगीलाल राठी, ललित चांडक, हरीश चांडक, राजेश झंवर, राधेश्याम राठी, राकेश झंवर, अशोक भट्टड़, राहुल लखोटिया, ओमलता, रामचंद्र राठी, सुरेश जाजू सहित अन्य समाजजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

- माहेश्वरी समाज ने गुप्ता हास्पिटल में आयोजित किया शिविर

### नवरात्रि महोत्सव में शामिल हुईं जनपद अध्यक्ष



**धमतरी।** ग्राम रांवा में नवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमति अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि नवरात्रि मां की सेवा आराधना कर पर्व है। मां अपने नौ अलग-अलग रूप में धरती में आती हैं जिसकी सेवा और आराधना कर हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते हैं। अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत सदस्य अग्रवाल साहू ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिन हम मां दुर्गा को स्मरण करते हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य कीर्तन मीनपाल, श्रीमती देहुति साहू, रिंकू सेन, रामरोशन ध्रुव सरपंच खपरी, ईश्वर साहू सरपंच भानपुरी, चंद्रेश चांद सरपंच मड़ाईभाठा उपस्थित थे।

### प्रदेश के आदिवासी मुखिया के नेतृत्व में हो रहा सर्वांगीण विकास : रामू



**धमतरी।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज हटकेशर व्दारा होली मिलन समारोह गोड़वाना भवन शीतलापारा में किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के मुखिया के रूप में विष्णुदेव साय को चुना है जो आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज उनके शासन में विकास के कार्य सां- सांय हो रहे हैं। श्री रोहरा ने आगे कहा कि आदिवासी समाज हमेशा अपने से पहले दूसरों के बारे में सोचता है। समाज को जब मेरी आवश्यकता होगी मैं हमेशा खड़ा रहूंगा। आपको विश्वास दिलाता हूं कि मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं होने दूंगा। अन्य अतिथि सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम, ईश्वरी नेताम, शिव नेताम, हिमानी साहू, पूर्णिमा देवांगन, उमा ध्रुव, सूरज गहरवाल पार्षद उपस्थित थे।

- आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज हटकेशर के होली मिलन समारोह में शामिल हुए महापौर

मई माह के पहले सप्ताह में रिजल्ट आने की उम्मीद

# समय से पहले जंच रही बोर्ड की कापियां



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निर्धारित समय से पहले ही जिले में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हो गई। अब उत्तरपुस्तिकाओं की दूसरी खेप पहुंची है। इसकी जांच भी 10 अप्रैल से पहले कर ली जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि मई के पहले सप्ताह में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा। फिलहाल दूसरी खेप में पहुंची उत्तरपुस्तिकाओं की जांच जारी है।

उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए शिवसिंह वर्मा उमाशा को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तरपुस्तिकाओं की जांच चल रही है। खास बात यह है कि त्योहारी सीजन होने के बाद भी इस साल मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। पहले खेप में आई लगभग सभी कापियां जंच चुकी हैं। जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं की गणित, विज्ञान, हिन्दी, इंग्लिश की पूरी कापियां जंच चुकी हैं। कक्षा 12वीं की हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, कृषि, होम साइंस आदि की सभी कापियों का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। दूसरे लाट में करीब 15000 कापियां आई हैं जिनमें कक्षा 10वीं की संस्कृत विषय की कापियां, कक्षा 12वीं की गणित, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र की कापियां शामिल हैं, जिनका मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक शिक्षा विषय की कापियों की भी जांच बाकी है।

### लक्ष्य समय पर पूरा होगा मूल्यांकन

इस साल मूल्यांकनकर्ताओं का परफार्मेंस काफी अच्छा रहा। नवरात्रि का पर्व होने के बाद भी कापियां की जांच तेज चल रही है। एक समय में 395 मूल्यांकनकर्ताओं ने मूल्यांकन केंद्र में बैठकर कापी जांच की। अब अधिकांश विषयों का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। ऐसे में 250 मूल्यांकनकर्ता ही कापियों को जांच रहे हैं। जानकारी के अनुसार कापियों का मूल्यांकन पूरा करने के लिए 14 अप्रैल तक का लक्ष्य दिया गया है। इस टाइम लाइन से पहले ही 10 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरा होने की उम्मीद है। वहीं मई के पहले सप्ताह में दोनों कक्षाओं का रिजल्ट घोषित करने की तैयारी चल रही है।

### बिना दबाव के हो रहा काम

मूल्यांकनकार्य काफी संवेदनशील कार्य है, जिसमें शिक्षकों को पूरी गंभीरता और मन लगाकर मूल्यांकन करना पड़ता है। कार्य की प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर मूल्यांकनकर्ताओं से फ्रेंडली माहौल में काम लिया जा रहा है। छुट्टी की जरूरत होने पर छुट्टी भी दी जा रही है। बिना प्रेशर के फ्रेश मूड से मूल्यांकनकर्ता काम कर रहे हैं। यही कारण है कि जिले में मूल्यांकन काम समय से पहले समाप्त हो जाएगा।

\- श्रीमती बी. मैथ्यू, प्रभारी मूल्यांकन केंद्र

### वाल्मीकि समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**धमतरी।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय डागौर की अध्यक्षता में वाल्मीकि समाज धमतरी के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। अध्यक्ष तिलक चौहान, उपाध्यक्ष त्रिलोक आदिवान, सुरेश कछुआ महासचिव, मीडिया प्रभारी अविनाश मारोठे, सचिव लक्ष्मी नारायण, कोषाध्यक्ष राजकुमार डागौर, विकास वाल्मीकि, जितेंद्र वाल्मीकि, जिला प्रवक्ता अमित वाल्मीकि, महासंरक्षक संजय डागौर, रामकुमार वाल्मीकि संरक्षक पवन कछुआ, सलाहकार सुदेश सारसर, प्रदीप मारोठे, पेमेंद्र आदिवान, नरेंद्र चौहान, दीपक नाग, प्रदीप नाग, अजय शेंद्रे, श्याम चौहान, राजेश बांगडे, मंदिर पुजारी सुरेंद्र महरोलिया, त्रिलोक आदिवान, प्रचार मंत्री मनीष तेजी, देवेंद्र वाल्मीकि ने समाज की अखंडता, एकता, प्रगति के लिए हमेशा कटिबद्ध रहने की शपथ ली।

## मेनोनाइट स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मेनोनाइट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में छात्रों में स्वास्थ्य जागरूकता हेतु सेमिनार एवं विटामिन सी दिवस का आयोजन किया गया। कक्षा 1-5 तक के विद्यार्थियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेमिनार के तहत दांतों की सुरक्षा एवं स्वच्छता के ज्ञान का लाभ उठाया। क्रिश्चयन हास्पिटल के स्वास्थ्यकर्मी एवं नर्सों ने छात्रों को दांतों की सुरक्षा, खान-पान के तरीके, दांतों की सड़न, मुंह की दुर्गंध आदि के विषय में जानकारी दी। विटामिन सी दिवस भी मनाया गया जिसका उद्देश्य विटामिन सी के महत्व एवं हमारे स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव की जानकारी देनी है। छात्रों को नाश्ते एवं भोजन में विटामिन सी युक्त खाद्य सामग्री को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## बोर के पानी से टैंकर भरना बंद करें

- जलस्तर नीचे जाने से कृदत्त कॉलोनीवासियों ने महापौर और आयुक्त को दिया मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोकुलपुर, महात्मा गांधी वार्ड स्थित कृदत्त कॉलोनीवासियों को नगर निगम के ट्यूबवेल से पानी सप्लाई की जाती है। सुबह शाम लोगों के घरों में पानी पहुंचता है। गर्मी बढ़ने के साथ लोगों के घरों के बोर का जलस्तर नीचे आने लगा है। यहां के ट्यूबवेल से शहर में अन्य जगहों के लिए टैंकर से पानी भरा जाता है जिसे कॉलोनीवासियों ने बंद करने की मांग की है। शुक्रवार को महापौर रामू रोहरा और आयुक्त को दिए पत्र में बताया कि इस ट्यूबवेल से टैंकर भरने की वजह से जलस्तर गिरता जा रहा है। इस टयूबवेल का उपयोग वार्डवासियों को पानी मुहैया कराने के लिए किया जाता है। परंतु कुछ वर्षों से इसका उपयोग शहर के अन्य जगहों के लिए टैंकर से भरकर ले जाने के लिए किया जाता है। इससे जल स्त्रोत का दोहन हो रहा है। 2021 से टैंकर में भरना बंद करने की मांग करते आ रहे हैं। लगातार टैंकर में पानी भरने की वजह से कॉलोनी का जलस्तर गिर रहा है। कॉलोनीवासियों ने निवेदन किया है कि ट्यूबवेल से टैंकर भरना बंद किया जाए व कॉलोनी में 3-4 जगहों पर सार्वजनिक नल लगाया जाए। आवेदन देने वालों में गोपाल रणसिंह, राकेश जाधव, प्रियतोष जाधव, सीके वाही, रामभवन कुशवाहा, सतीश कश्यप, टेकराम मरड़िया, विवेक कुमार, यश गायकवाड़, डॉ. विजयलक्ष्मी, उमेश बशिष्ट, मिथिलेश उपाध्याय, देवेश कुमार, एकता सिंह, रीना भोसले, रेखा पांडे, प्रिया पांडे, यश प्रजापति, गणेशूराम साहू, राजकुमार साहू, सुनील नरसिंघानी, राजा देवांगन, भूपेन्द्र साहू, संतोष वाही, भीखम लाल साहू, जगदीश चंद्राकर, नाव्या कोटवानी, वाणी बुधवानी, दिलीप नरसिंघानी, एनडी सोनी, रामकृष्ण साहू, विभा गुप्ता, पदमनी यादव, नेगूराम साहू, देवेन्द्र कुमार, प्रदीप यादव, गीता गुप्ता, कमलेश साहू, उमेश सिंह, डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव, गुनेश्वरी साहू, अंजु चंद्राकर शामिल हैं।

## विंध्यवासिनी वार्ड में चली फॉगिंग मशीन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विंध्यवासिनी वार्ड में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग अभियान चलाया गया। मौके पर जल विभाग के प्रभारी सदस्य एवं वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर स्वयं मौजूद रहे। नगर निगम की ओर से यह अभियान मलेरिया, डेंगू और अन्य मच्छरजनित बीमारियों को रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया। अखिलेश सोनकर ने खुद फॉगिंग कार्य का निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि वार्ड के हर गली-मोहल्ले में समुचित तरीके से दवा का छिड़काव हो। वार्डवासियों का कहना है कि श्री सोनकर हमेशा जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं और हर संभव सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। चाहे सफाई व्यवस्था हो, जल आपूर्ति की समस्या हो या अब फॉगिंग अभियान। वे वार्ड की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

अखिलेश सोनकर ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वार्ड ही हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम के सहयोग से हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि मच्छरों से होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। उनकी इस मुहिम से वार्डवासियों को काफी राहत मिली है।

## भक्तों ने मां अष्टभुजा को हल्दी एवं कमलगट्टा अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



अष्टभुजी शक्ति पीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में श्रीविद्या लक्ष्य अर्चन एवं श्री यंत्र स्थापना हेतु विशेष अनुष्ठान की श्रृंखला भक्तों की गहन श्रद्धा और सहभागिता से दिन-प्रतिदिन और भी दिव्य एवं शक्तिपूर्ण स्वरूप धारण करती जा रही है।

सप्तम दिवस पर हल्दी एवं कमलगट्टा से मां अष्टभुजा देवी की पूजा की गई। वैदिक विधियों से युक्त महा रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। हल्दी एवं कमलगट्टा से अर्चना की गई। इससे सौभाग्य, वैवाहिक सुख एवं मंगल कार्यों की सिद्धि प्राप्त होती है। मां लक्ष्मी को प्रिय कमलगट्टा से अर्चना करने से धन लाभ, आर्थिक स्थिरता, ऋण मुक्ति, दरिद्रता नाश जैसे विशेष लाभ मिलते हैं। श्री विद्या साधना अत्यंत प्रभावशाली साधना है, जो साधक को आध्यात्मिक उत्थान, ज्ञान, सौंदर्य, आकर्षण शक्ति, आंतरिक शांति एवं परम सिद्धि प्रदान करती है। श्री विद्या के माध्यम से साधक मां त्रिपुरा सुंदरी की कृपा प्राप्त कर जीवन के समस्त क्षेत्रों में संतुलन और सफलता प्राप्त करता है।

श्री यंत्र को विश्व ब्रह्मांड का ऊर्जा यंत्र कहा गया है। इसकी स्थापना से धन-वैभव, व्यापार-वृद्धि, सद्भावना, नकारात्मक ऊर्जा का नाश तथा सर्वविघ्न नाश होता है। यह यंत्र मां लक्ष्मी का मूर्त रूप है। इसकी पूजा से साधक के जीवन में समृद्धि, सुख, शांति और सम्पूर्ण शुभता का स्थायित्व आता है। यह अनुष्ठान अष्टभुजी शक्ति पीठ के प्रधान पुजारी, यज्ञाचार्य पंडित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय के सान्निध्य में हो रहा है।

## अवांछनीय गतिविधियां नहीं होंगी बर्दाश्त, अशांति फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



रामनवमी पर्व को लेकर कलेक्टर, एसपी ने ली शांति समिति की बैठक

**धमतरी।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण मनाने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि त्योहारों को ऐसे मनाएं कि दूसरों की धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे या दूसरों को परेशानी न हो। तेज आवाज वाले डीजे या साउंड सिस्टम का प्रयोग रैली में नहीं किया जायेगा। कलेक्टर ने विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाज प्रमुखों से से शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही जुलूस, सभाएं, शोभायात्रा, जनसमुदाय एकत्रीकरण की सूचना संबंधित अधिकारी से अनिवार्य रूप से लेने कहा। उन्होंने सड़क पर किसी भी स्थिति में जाम ना हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल द्वारा किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोजन समिति को वालंटियरों की भी नियुक्ति करने कहा। बैठक में बताया गया कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही संचालित किए जाएंगे। शस्त्रों का प्रदर्शन पूरी तरह वर्जित रहेगा। जुलूस की पूरी वीडियोग्राफी कराई जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की जांच में सहूलियत हो। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी समुदाय विशेष के खिलाफ अभद्र या भड़काऊ टिप्पणी करने पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## अवैध शराब का परिवहन करते तीन आरोपी गिरफ्तार, 59 पौवा शराब बरामद

- सिर्री के श्रीराम युवा हिन्दू संगठन ने आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम सिर्री में 5 अप्रैल को शराब की बिक्री हेतु अवैध परिवहन करने का मामला सामने आया है। बाइक सवार 3 लोगों द्वारा कुरूद शराब भट्टी से 59 पौवा मसाला बोरी में भरकर बिक्री हेतु अवैध तरीके से ग्राम सिर्री लाया जा रहा था। अवैध शराब लेकर आ रहे तीनों आरोपी सिर्री के ही हैं।

ग्राम सिर्री में संचालित श्रीराम युवा हिन्दू संगठन असामाजिक तत्वों एवं अवैधानिक कार्यों का लगातार विरोध कर कार्यवाही करवा रहा है। शराब का परिवहन कर रहे लोग उनके चंगुल में फंस गए और मुखबीर से सूचना पाकर संगठन के लोगों ने उन्हें दोपहर 12 बजे सिर्री से अछोटी जाने के कच्चे रास्ते में गौठान के पास 59 पौवा अवैध शराब के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया।

पश्चात बिरेझर चौकी पुलिस को तत्काल सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने 59 पौवा अवैध शराब के साथ ही लाल रंग की पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 04 केसी 1061 को जब्त कर लिया है।

अवैध शराब परिवहन कर रहे लोचन दास सतनामी उर्फ बंटी पिता पूनाराम सतनामी 29 वर्ष, संजय यादव पिता अमोली यादव 30 वर्ष, हेमनारायण तारक पिता तुलसी तारक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सिर्री के श्रीराम युवा हिन्दू संगठन द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ किए गए साहसिक कार्यों की हेडकांस्टेबल शेषनारायण पांडे सहित स्टाफ ने सराहना की।

## रामनवमी शोभायात्रा से पहले धरे गए गुण्डे-बदमाश

### पंद्रह बदमाश भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रविवार को निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा से पूर्व पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 गुण्डा बदमाशों को पकड़कर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में रामनवमी शोभायात्रा को देखते हुए शहर में शांति कायम रखने एएसपी मणिशंकर चंद्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई के नेतृत्व में साइबर की संयुक्त टीम द्वारा गुण्डा बदमाशों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में पुलिस 15 गुण्डा बदमाश को पकड़कर उनके खिलाफ धारा 170, 126/135/3 बीएनएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

अभियान में कुणाल सिंदुर पिता कुबेर 21 वर्ष, प्रिंस सिंदुर पिता सुजल 18 वर्ष दोनों जालमपुर निवासी, राहुल सेंद्रे पिता मौकरो सेंद्रे 23 वर्ष मकेश्वर वार्ड, योगेशकुमार ध्रुव पिता नरेश 22 वर्ष मकेश्वर वार्ड, चंद्रशेखर उर्फ ऋषि ध्रुव पिता जेठूराम उम्र 21 वर्ष बजरंग चौक, पंकज साहू पिता गणेश 19 वर्ष मकेश्वर वार्ड, हिमांचल गौतम पिता फणेंद्र 22 वर्ष मोटर स्टैंड वार्ड, रवि दीप पिता संतोष 29 वर्ष, अभिषेक सोना पिता श्याम 24 वर्ष जालमपुर, छोटू खान पिता सलीम 25 वर्ष मकेश्वर वार्ड, अमन नागरची पिता अश्वनी 21 वर्ष स्टेशनपारा, प्रद्युमन नेताम पिता कृष्णा 25 वर्ष विंध्यवासनी वार्ड, शिवा नायक पिता अर्जुन 25 वर्ष पोस्ट आफिस वार्ड, आकाश उर्फ शुभम यादव पिता दिलीप 24 वर्ष बांसपारा व सांगर मंडावी पिता मन्नूराम 24 वर्ष रामपुर वार्ड निवासी को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल दाखिल किया गया है।



## अंचल की खबरें

### देवरी में 12 को जातरा महोत्सव





**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम देवरी की अधिष्ठात्री देवी मां खल्लारी के दरबार में इस वर्ष भक्तों ने अपनी मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की है। 236ज्योति तेल की और 10 ज्योति घी कुल 246 ज्योति जल रही है। इस वर्ष 12 अप्रैल शनिवार को जातरा महोत्सव मनाया जायेगा। रात्रि में राधाकृष्ण लोक ला महोत्सव नाचा पार्टी ग्राम दुर्रे बंजारी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष थनेश्वर बैस ने दी है।

### मां अंगारमोती के दरबार में जले आस्था के जोत



**अंवरी।** ग्राम पुरेना स्थित मां अंगारमोती के दरबार में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर 37 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। पुजारी महेश टंडन ने बताया कि यहां जो भी भक्त माता से मन्नत मांगते हैं, उसे मां जरूर पूरी करती हैं। माता की सेवा में रामप्रसाद ध्रुव, सुखदेवी साहू, हिमेश टंडन, हरीश टंडन, इंदर टंडन, होरीलाल, धर्मेंद्र, खिलेश साहू, शेखर साहू, अशोक टंडन जुटे हुए हैं।

### चिंवरी में ज्योत जंवारा की स्थापना



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में चैत्र नवरात्रि पर पूर्व सरपंच बलीराम साहू के निवास में ज्योत जंवारा की स्थापना की गई है। शनिवार को अष्टमी पर हवन पूजन किया गया। भक्तों को प्रसाद बांटा गया। मौके पर खुमान साहू, रामदेव, डीहूलाल, यशु, नंदलाल, जगदीश, अशोमिहा बहुरराम, देवेंद्र साहू, यश कुमार, संजय साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### सिवनीखुर्द के शीतला मंदिर में 20 दीप प्रज्ज्वलित



**कुरुद।** चैत्र नवरात्रि पर ग्रामवासियों के सहयोग से सिवनी खुर्द में शीतला मंदिर का निर्माण कर शीतला माता की मूर्ति की स्थापना पंडित हेमंत दुबे जोरातराई द्वारा की गई है। यहां श्रद्धालुओं द्वारा 20 दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं। ग्राम प्रमुख जनक साहू, चेतन ध्रुव, छन्नू ध्रुव, जनक साहू, सेवक पटेल, पूरन निषाद, रोहित पटेल, रामचरण साहू का विशेष सहयोग रहा।

### बेलरगांव में राम नवमी की तैयारी जोरों पर

**नगरी।** भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव 6 अप्रैल को बेलरगांव में उत्साह, उमंग और पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस साल भी यह उत्सव उत्साह से मनाया जाएगा। हिन्दू संगठन द्वारा श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। रामनवमी के अवसर पर विवेक शर्मा नाइट शो का आयोजन किया जा रहा है। तैयारी में श्रीराम नवमी आयोजन समिति के संरक्षक जीतू साहू, प्रेमांशु प्रजापति, प्रेम साहू, चैतन्य साहू, जयकिशन साहू, हेमन्त देवांगन, गोलू कश्यप, लीलेश प्रजापति, रोबिन देवांगन समेत अन्य सदस्य जुटे हुए है।

### तलवार लहराते युवक गिरफ्तार



**धमतरी।** मोहल्ले में आम जगह पर तलवार लहरा रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सुंदरगंज वार्ड के गौरी फर्नीचर दुकान के पास एक युवक द्वारा हाथ में तलवार रखकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल सुंदरगंज वार्ड पहुंची। वहां पर एक फर्नीचर दुकान के पास युवक धारदार तलवार लहरा रहा था। इससे आने जाने वाले दहशत में थे। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से धारदार तलवार को जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतदास मानिकपुरी पिता चुरामन उम्र 26 वर्ष मकेश्वर वार्ड निवासी बताया। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्जकर आरोपी संतदास मानिकपुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### त्रिदिवसीय छग राज्य स्तरीय रामचरित मानस सम्मेलन बेलरगांव में संपन्न



**नगरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति बेलरगांव द्वारा 3 से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय मानसगान का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर सात मानस मंडलियों ने भाग लिया। द्वितीय दिवस जय शीतला मानस परिवार बेलरगांव, जय दन्तेश्वरी अम्बे मानस परिवार, जय शीतला मानस परिवार भूमका, लवकुश मानस परिवार बोरसी श्री राम चारित्र मानस परिवार चारामा, राधाकृष्ण मानस परिवार थुहा नवागांव, श्री सीताराम मानस परिवार कांकेर, रामरूचि महिला मानस परिवार कोलियारी भखारा एवं जय कपिस मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद की प्रस्तुति हुई। मानस मंडलियों ने रामजी का चरित्र का वर्णन किया और कहा कि हम सबको राम सीता की तरह बनना चाहिए। मौके पर मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष कुंजल पटेल, उपाध्यक्ष भोला बंजारे, श्रीमती केशर साहू, बिसाहू सलाम, सचिन नाग, कोषाध्यक्ष उमेश देवांगन, सचिव नोहर साहू, सहसचिव नंदलाल साहू, सोहन पटेल, मंच संचालक उमेंद्र दीवान, योगेश सेन, पुनऊ झुर्री, भोज कोर्राम, संयोजक हरिनाथ पटेल, सुरेश देवांगन, सलाहकार नोमलाल देवांगन, भुवनदास मौजूद थे।

### मानस मंडलियों ने बताई भगवान राम की महिमा

**नगरी।** श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति बेलरगांव द्वारा 3 से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय मानसगान का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस सात मानस मंडलियों ने भाग लिया। द्वितीय दिवस जय शीतला मानस परिवार बेलरगांव, जय दन्तेश्वरी अम्बे मानस परिवार, जय शीतला मानस परिवार भूमका, लवकुश मानस परिवार बोरसी श्री राम चारित्र मानस परिवार चारामा, राधाकृष्ण मानस परिवार थुहा नवागांव, श्री सीताराम मानस परिवार कांकेर, रामरूचि महिला मानस परिवार कोलियारी भखारा एवं जय कपिस मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद की प्रस्तुति हुई। मानस मंडलियों ने रामजी के चरित्र का वर्णन किया और कहा कि हम सबको राम सीता की तरह बनना चाहिए। मौके पर मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष कुंजल पटेल, उपाध्यक्ष भोला बंजारे, श्रीमती केशर साहू, बिसाहू सलाम, सचिन नाग, कोषाध्यक्ष उमेश देवांगन, सचिव नोहर साहू, सहसचिव नंदलाल साहू, सोहन पटेल, मंच संचालक उमेंद्र दीवान, योगेश सेन, पुनऊ झुर्री, भोज कोर्राम, संयोजक हरिनाथ पटेल, सुरेश देवांगन, सलाहकार नोमलाल देवांगन, भुवनदास मौजूद थे।

---

रामभक्तों ने भगवाध्वज लहराते श्रीराम के जयकारे लगाए, रैली का जगह-जगह हुआ स्वागत

# रामनवमी की पूर्व संध्या पर निकली बाइक रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को रामनवमी का उत्सव मनाया जाएगा। इससे पूर्व रामनवमी आयोजन समिति द्वारा शहर में शनिवार को शाम 5 बजे बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर देवश्री टाकिज रोड, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, दुर्गा मंदिर पावर हाउस रायपुर रोड पहुंचकर मां दुर्गा को श्रृंगार व चढ़ावा अर्पित किया। इसके बाद रैली बठेना चौक से वापस सिहावा चौक, घड़ी चौक, गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, गणेश चौक, मां विंध्यवासिनी मंदिर चौक से लक्ष्मी निवास चौक, अंबेडकर चौक होते हुए रत्नाबांधा चौक पहुंची जहां भक्तों ने आतिशबाजी कर भगवान श्रीरामचंद्र के जयकारे लगाए। तत्पश्चात रैली महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर पांच सौ से अधिक रामभक्तों ने बाइक में सवार होकर भगवाध्वज लहराते हुए जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाए। बाइक रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर उत्साहवर्धन किया। चौक-चौराहों में फूलों की वर्षा कर स्वागत हुआ। भक्तों के लिए स्वल्पाहार, शर्बत, पानी की व्यवस्था की गई थी। बाइक रैली से शहर राममय हो गया। भक्तों में उत्साह देखते ही बना।

विदित हो कि श्रीराम नवमी आयोजन समिति द्वारा आज रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। भगवान राम को रथ पर सवार किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रमुख तीरथराज फूटान ने बताया कि यह आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है जिसमें हजारों रामभक्त शामिल होते हैं। शोभायात्रा शाम पांच बजे निकाली जाएगी जो सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरीचौक, गणेश चौक रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचेगी जहां पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण होगा।

बाइक रैली के दौरान श्रीराम नवमी आयोजन समिति के तीरथराज फूटान, प्रीतेश गांधी, अशोक पवार, दिलीप बड़जात्या, बबलू थवाईत, देवचरण सिंग ध्रुव, गणेश कोसरिया, शीतल कोचर, भरत भानुशाली, अमित अग्रवाल, पीयूष राठौर, जगजीवन सिंह सिद्धू, दीपक चोपड़ा, महेंद्र चोपड़ा, नंदू जसवानी, दिलीप पटेल, प्रकाश सोलंकी, राजेंद्र शर्मा, घनाराम सोनी, बबला पटेल, अरूण फूटान, दीपेश मोटवानी, शुभांक मिश्रा, चेझा फूटान, कोमल फूटान, अमन थवाईत, अजय गौतम, विक्की मंगलानी, संदीप नेताम, रिंकू यादव, सुशांत रजक, बिट्टू पटवा, ओम थवाईत सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद थे।

---

# मुर्गा चोरी कर खाने की बात पर युवक पर रॉड से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुर्गा चोरी कर खाने की बात कहने पर दो युवकों ने मिलकर एक युवक पर रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार संदीप कुमार यादव पिता मदन उम्र 21 वर्ष नयापारा करैहा थाना दुगली निवासी ट्रेक्टर चलाने का काम करता है। शुक्रवार की सुबह युवक ट्रेक्टर में काम करने वाले मजदूरों को बुलाने पैदल टिकरापारा चिवर्री जा रहा था। इसी दौरान नयापारा करैहा के तालाब के पास देवा उर्फ विघ्नराजन व गोप्पे उर्फ गोपेन्द्र नेताम ने संदीप को देखकर मुर्गा चोरी की बात कर रहे थे। यह सुनकर संदीप युवकों से एक सप्ताह पहले मुर्गा चोरी कर खाने की बात कहकर पैदल आगे जा रहा था। तभी पीछे से दोनों युवक स्कूटी में सवार होकर रॉड लेकर पहुंच गये। स्कूटी से उतरकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गोप्पे उर्फ गोपेन्द्र नेताम ने संदीप को पीछे से पकड़ लिया। देवा उर्फ विघ्नराजन गोंड ने रॉड से हमला कर मारपीट करना शुरू कर दिया। पास में महुआ बीन रही टिकरापारा की फूलबती गोंड व एक अन्य महिला ने बीच बचाव किया। दोनों युवक स्कूटी में सवार होकर वहां से भाग गए। मारपीट से संदीप बेहोश पड़ा था जिसे देख आने-जाने वालों ने उसके घर में सूचना दी। चाचा मनोज यादव व धनसिंग सेन तत्काल मौके पर पहुंचे और बेहोश पड़े संदीप को घर ले गए। इस घटना में संदीप को सिर, पीठ, बायां पैर, बायें हाथ में चोट लगी है। पीड़ित की शिकायत पर दुगली थाना में आरोपी देवा उर्फ विघ्नराजन गोंड व गोप्पे उर्फ गोपेन्द्र नेताम के खिलाफ धारा 115-2, 296, 3-5, 351-2 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सूचना के अधिकार पर हीलाहवाला करने वाले अछोटी पंचायत सचिव पर 25 हजार का जुर्माना

- आरटीआई कार्यकर्ता मोहन साहू ने की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सूचना का अधिकार 2005 के तहत मांगी गई जानकारी नहीं देने पर राज्य सूचना आयोग ने अछोटी पंचायत सचिव पर 25 हजार रूपये का जुर्माना ठोका है। मामला कुरूद जनपद की ग्राम पंचायत अछोटी का है। आरटीआई कार्यकर्ता ग्राम चर्रा निवासी मोहन पटेल ने 11 जनवरी 2022 को जन सूचनाधिकारी ग्राम पंचायत अछोटी सचिव कृष्णकुमार साहू के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर वित्तीय वर्ष 2020-21 में मूलभूत राशि से कराए गए समस्त निर्माण कार्य एवं खरीदी, मूलभूत सुविधा के लिए प्राप्त राशि का दस्तावेज, सामग्री के लिए निकाली गई राशि के लिए ग्राम पंचायत सभा का बहुमत के आधार पर प्रस्ताव, खरीदी गई सामाग्री का बिल वाउचर, नकद भुगतान एवं चेक के सत्यापित पावती की मांग की गई थी। आवेदन प्राप्त होने के पश्चात जनसूचना अधिकारी ने 11 फरवरी 2022 को आवेदक से पत्राचार कर कहा कि किस उद्देश्य के लिए जानकारी मांगी गई है। स्पष्ट करें तदानुसार मांगी गई जानकारी सुविधानुसार प्रदान की जाएगी।

शिकायतकर्ता ने 6 अक्टूबर 2022 को आयोग के समक्ष शिकायत कर कृष्णकुमार साहू के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। प्रत्युत्तर में जन सूचनाधिकारी कृष्णकुमार साहू 16 अगस्त 2023 तथा 24 मई 2024 को व्हीसी में उपस्थित हुए लेकिन कोई जवाब प्रेषित नहीं किया। राज्य सूचना आयुक्त आलोक चंद्रवंशी ने अपने फैसले में कहा है कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद जनसूचना अधिकारी ने स्पष्टीकरण नहीं दिया। धारा 20/1 सूचना का अधिकार 2025 के अनुसार आयोग को अधिकतम 25000 रुपए अछोटी पंचायत सचिव कृष्णकुमार साहू पर अर्थदंड का जुर्माना लगाया गया है।

# रामनवमी शोभायात्रा में सुगम यातायात के लिए रूटचार्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- शहर में बड़े वाहनों की एंट्री रहेगी बंद



रामनवमी पर्व पर शहर में निकलने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के लिए रूटचार्ट जारी किया गया है। वहीं बाहर से आने वाले बड़े वाहनों को शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

शहर में रविवार की शाम धूमधाम से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा देररात तक विंध्यवासिनी मंदिर में समाप्त होगी। रामनवमी पर्व की शोभायात्रा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर यातायात डीएसपी मोनिका मरावी द्वारा शोभायात्रा के दौरान शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए मार्गों में आवश्यक बैरिकेड्स, स्टापर व ड्यूटी पाइंट चिन्हांकित किया गया।

रामनवमी पर्व के दिन रविवार को शहर के अंदर बड़े वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक सदर में समस्त प्रकार के वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। यातायात पुलिस ने शोभायात्रा के दौरान ट्रेफिक व्यवस्था के लिए रूटचार्ट जारी किया है। जिसके अनुसार जगदलपुर से रायपुर आने जाने वाले वाहन श्यामतराई बाइपास होते हुए निकलेंगे। दुर्ग की ओर से आने वाले वाहन बाईपास होते हुए खपरी से अर्जुनी मोड़ होकर सिहावा चौक से नगरी सिहावा की ओर जा सकते हैं। रायपुर से जगदलपुर आने वाली वाहन संबलपुर बाइपास से श्यामतराई बाइपास होते हुए जगदलपुर के लिए निकलेंगे। जगदलपुस से नगरी, सिहावा, बोराई की ओर जाने वाले वाहनें श्यामतराई बाईपास से संबलपुर बाईपास होते हुए अर्जुनी मोड़, सिहावा चौक, शांतिकालोनी चौक, नहरनाका से नगरी सिहावा की ओर जाएंगे। इसी तरह नगरी सिहावा की ओर से जगदलपुर जाने वाले वाहनन नहर नाका से शांति कालोनी, सिहावा चौक, अर्जुनी मोड़ से संबलपुर बाईपास होते हुए श्यामतराई बाईपास होकर जगदलपुर जाएंगे।

शाम 4 बजे से शोभायात्रा की समाप्ति तक घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों का सदर मार्ग में पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगी। अपनी मंजिल तक पहुंचने सदर मार्ग से लगे सहायक मार्गों से आवागमन किया जा सकता है। शोभायात्रा के दौरान ड्रोन कैमरे से संदिग्धों पर नजर रखी जाएगी। यातायात पुलिस ने रामनवमी शोभायात्रा के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखने या कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों को तत्काल सूचना देने या पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 94791-92299 में सूचना देने की आमजनों से अपील की है।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए सीमांकन पूर्ण, पर निर्माण कार्य पर संशय

- शहर के तीनों मार्गों का चौड़ीकरण शीघ्र हो : नागरिकगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के तीन मार्ग सिहावा चौक से कोलियारी अछोटा पुल तक, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक, अंबेडकर चौक से रूद्री चौक तक की सड़क को फोरलेन बनाने के लिए निगम के प्रस्ताव को राज्य शासन ने स्वीकृति दे दी है। वित्तमंत्री ने इसे बजट में भी शामिल कर लिया है। बजट में शामिल होते ही स्थानीय प्रशासन ने तीनों मार्गों की नापजोख सीमांकन भी कंपलीट कर लिया है। सीमांकन के बाद शहर के नागरिक चाहते हैं कि तीनों मार्गों का चौड़ीकरण शीघ्र हो ताकि लोगों को बदहाल ट्रेफिक-धूल से राहत मिल सके।

शहर के नागरिक कोमल सार्वा, सुशांत राजपूत, कुलदीप पात्रे, शुभांकर सिन्हा, अर्जुन उइके का कहना है कि शहर की विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिए सर्वे, सीमांकन, नापजोख कई बार हुआ है, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते निर्माण कार्य रूका है। इसका जीवंत उदाहरण है सदरमार्ग जो 20 साल से संकरी गली बन गया है। चौड़ीकरण का मुद्दा सिर्फ फाइलों में घूमकर रह गया है। इस दौरान दर्जनों कलेक्टर, निगम आयुक्त शहर आए, स्थानांतरण होकर यहां से बाहर चले गए। बता दें कि तीनों मार्ग के लिए शासन ने 135 करोड़ रूपए की मंजूरी दी है। बजट में शामिल होने के बाद प्रोसिजर को आगे बढ़ने महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, सचिव स्तर के अधिकारियों से मुलाकात भी की। सभी ने आश्वासन दिया है। वहीं महापौर ने भी आश्वस्त किया है कि तीनों मार्ग का चौड़ीकरण शीघ्र होगा। चौड़ीकरण के समय में नागरिकों को कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन जद में मकान दुकान के आने से कहीं-कहीं विरोध के स्वर उठने लगे हैं। इसलिए यह निर्माण कार्य भी कहीं रूक न जाए, यह संशय बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में भी इन तीनों मार्ग के चौड़ीकरण के लिए मंजूरी मिली थी, लेकिन कुछ कारणवश निर्माण कार्य रूक गया। जानकारी के मुताबिक अप्रैल माह में प्रशासकीय, तकनीकी स्वीकृति होगी। इसके बाद टेंडर, कार्यादेश होगा। डीपीआर तैयार होने के बाद एनओसी रिपोर्ट तैयार होगी। इसके बाद राशि और बढ़ेगी। अनुमानित खर्च के मुताबिक 1 किमी में 9 करोड़ खर्च होंगे। तीनों मार्ग में सड़क की लंबाई 15 किमी है। सड़क की चौड़ाई 80 फीट होगी।

---

7 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव की थी तैयारी, हरिभूमि की खबर का असर

# डूब प्रभावितों के व्यवस्थापन के लिए समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



खबर का असर

डूब प्रभावितों की चेतावनी का असर दिखने लगा है। जिला प्रशासन ने जोगीडीह में उनके व्यवस्थापन के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के दस्तावेजों की जांच करेगी। इसके बाद उन्हें जमीन आवंटित करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति ग्राम गंगरेल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार उइके विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन एवं आत्माराम एवं अन्य 49 विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन में प्रकरण में भूमि उपलब्धता के आधार पर डूब प्रभावितों को भूमि आवंटित करने कार्यवाही का आदेश दिया है। यह आदेश 16 दिसंबर 2020 को ही जारी कर दिया गया था।

इस आदेश के बाद जिला प्रशासन ने ग्राम जोगीडीह की वनभूमि का प्रारंभिक भू-सर्वेक्षण करवा लिया था। इसके बाद जमीन आवंटन की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गई। स्थिति को देखते हुए डूब प्रभावितों ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की चेतावनी दी थी। 7 अप्रैल को वे रायपुर में जाकर घेराव व अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी कर रहे थे।

इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने एक बार फिर जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है जिसमें वनमण्डलाधिकारी, एसडीएम राजस्व, कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग रूद्री कोड नं. 38 और तहसीलदार को सदस्य बनाया गया है। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को कलेक्टर प्रतिनिधि बनाया गया है।

**सभी का व्यवस्थापन संभव नहीं**

वर्ष 1972 में गंगरेल बांध के निर्माण के वक्त 55 गांव डूब में आए थे। इन 55 गांवों के 7 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए थे। खेत, जमीन, घर सबकुछ छोड़कर उन्हें दूसरी जगहों पर गुजारा करना पड़ रहा है। नियम के तहत इन परिवार को जमीन देकर व्यवस्थापन किया जाना है। डूब प्रभावित हर्ष मरकाम ने बताया कि जोगीडीह में 1600 एकड़ जमीन डूब प्रभावितों के लिए आरक्षित है। यहां पर 1000 डूब प्रभावित परिवारों का व्यवस्थापन किया जा सकता है। अभी यहां पर 170 परिवार रह रहे हैं। यहां व्यवस्थापन का काम पूरा होने के बाद प्रशासन को अन्य स्थानों पर व्यवस्थापन करना होगा।


तीनों लोकों में
एक ही पुरूषोत्तम
कौशल्या नंदन
हमारे श्रीराम
समस्त प्रदेशवासियों को
रामनवमी पर्व की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनायें...!
आपका सेवक : प्रीतेश गांधी (छत्तीसगढ़)